मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया
प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया और हैबिटेट एम्प्राइज़ ने सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया

नई दिल्ली, 2 मई, 2025

शहरी प्लानिंग और शासन में जलवायु एकीकरण के लिए संस्थागत क्षमता को मजबूत करने के लिए कल एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई), प्रमुख गहन-शोध, एनएएसी ग्रेड ए++ केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा सतत विकास एवं शहरी प्लानिंग में अग्रणी संगठन द हैबिटेट एम्प्राइज़ (टीएचई) के बीच हस्ताक्षरित किया गया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी और द हैबिटेट एम्प्राइज़ की सीईओ डॉ. प्रियंका कोचर ने अपने-अपने संस्थानों की ओर से समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया।

साझेदारी का उद्देश्य अभिनव अनुसंधान, क्षमता निर्माण और सतत विकास प्रथाओं के लिए वकालत के माध्यम से शहरी चुनौतियों का समाधान करना है। समझौता ज्ञापन सहयोग के निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की रूपरेखा तैयार करता है: पहला, शहरी नियोजन में जलवायु एकीकरण पर संयुक्त अध्ययन करने और नीति सिफारिशें करने के लिए अनुसंधान एवं प्रकाशन। दूसरा है क्षमता निर्माण, जिसका उद्देश्य शहरी पेशेवरों और नीति निर्माताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा सही रूप-रेखा वाला मॉड्यूल प्रदान करना है। साझेदारी का तीसरा क्षेत्र वकालत और सहभागिता है, जिसमें सेमिनार, कार्यशालाएं एवं नीति संवाद आयोजित करके संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में प्लानिंग विभाग की अध्यक्षा प्रो. हिना जिया और द हैबिटेट एम्प्राइज की सीईओ डॉ. प्रियंका कोचर सहयोग प्रयासों का नेतृत्व करेंगी। यह साझेदारी भारत में लचीले, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरी वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए, प्रो. रिज़वी ने कहा, "यह साझेदारी सतत शहरी विकास और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। द हैबिटेट एम्प्राइज के साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य शहरीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिए अभिनव समाधान तैयार करना है।"

डॉ. कोचर ने महत्वपूर्ण समझौते को हस्ताक्षरित करने पर अपना उत्साह और खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "द हैबिटेट एम्प्राइज जामिया मिल्लिया इस्लामिया के साथ काम करने के लिए उत्साहित है, जो प्रभावशाली बदलाव लाने के लिए सतत विकास में हमारी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। यह सहयोग जलवायु और शहरीकरण चुनौतियों से निपटने में साझेदारी की शक्ति का प्रमाण है।"

प्रो .साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया